Kothagundem Thermal Station

507. Shri Eswara Reddy: Will the Minister of **Irrigation and Power** be pleased to state:

(a) whether the project report for the third stage of the Kothagundem Thermal Station in Andhra Pradesh has been approved by Government;

(b) if so, the main features thereof;

(c) the estimated cost involved;

(d) whether work has already started on the third stage of the thermal station;

(e) if so, progress so far made; and

(f) how long it will take to complete the third stage?

The Minister of Irrigation and Power (Shri Fakhruddin Ahmed): (a) The proposal has been approved by the Technical Advisory Committee and is awaiting for the sanction.

(b) The scheme envisages installation of additional 180 MW of generating capacity.

(c) Rs. 19·65 crores.

(d) No.

(e) Does not arise.

(f) About 3½ years.

बम्बई में चोरी-छिपे लाये गये सामान का पकड़ा जाना

508. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय :**
श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री रघुनाथ सिंह :

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बम्बई में 17 मई, 1966 को केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क और सीमा-शुल्क विभागों के अधिकारियों ने भारी संख्या में घड़ियां और ट्रांजिस्टर पकड़े;

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या और मूल्य क्या हैं ; और

(ग) इस बारे में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वित्त मंत्री (श्री शचीन्द्र चौधरी) : (क) और (ख). 17 मई, 1966 को बम्बई के केन्द्रीय उत्पादन-शुल्क समाहर्ता-कार्यालय के अधिकारियों ने बम्बई से लगभग 40 मील दूर पनवेल-उरन रोड पर एक ट्रक से लगभग 12,000 रुपये मूल्य के 24 ट्रांजिस्टर और साथ ही 2,08,000 रुपये मूल्य की लौंग, दालचीनी, मोटर गाड़ियों के रेडियो, धूप के चश्मे, रेजर ब्लेड और लाइटरों के चकमक पत्थर आदि अन्य सामान पकड़ा । ट्रक को भी पकड़ लिया गया । घड़ियां नहीं पकड़ी गयीं ।

(ग) तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और बाद में जमानत पर छोड़ दिया गया । मामले की जांच पड़ताल हो रही है ।

बाल अपचार विषयक गोष्ठी

509. **श्री विश्वनाथ पाण्डेय :** क्या **योजना तथा समाज कल्याण** मंत्री 18 मार्च, 1966 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2421 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को बाल अपचार विषयक गोष्ठी की जो 25 नवम्बर से 27 नवम्बर, 1965 तक हुई थी, सिफारिशें प्राप्त हो गई हैं ;

(ख) यदि हां, तो उनके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ; और

(ग) यदि उपरोक्त भाग (क) का उत्तर नकारात्मक हो, तो सरकार को सिफारिशें कब तक प्रस्तुत किये जाने की सम्भावना है ?